06-12-2022

# गौरा शक्ति एप की दी जानकारी

लक्सर: रानी धर्म कुंवर राजकीय महाविद्यालय दल्लावाला में आयोजित कार्यक्रम में महिला पुलिस अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को गौरा शक्ति एप और उत्तराखंड पुलिस एप की जानकारी दी। एप डाउनलोड करने से लेकर शिकायत पंजीकृत करने की प्रक्रिया भी बताई।

महिला दारोगा मनीषा नेगी ने छात्र छात्राओं को गौरा शक्ति एप और उत्तराखंड पुलिस एप के अलावा साइबर धोखाधड़ी और बाल अपराधों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गौरा शक्ति एप महिलाओं की सुरक्षा के लिए तैयार किया गया है। बच्चे अपने घर के स्मार्टफोन में इसे इंस्टाल करके पंजीकरण कर सकते हैं। इस एप पर की गई शिकायत भी तत्काल संबंधित थाने और कोतवाली में दर्ज होगी। साथ ही शिकायतकर्त्ता के पास पुलिस मदद के लिए पहुंचेगी। उन्होंने साइबर क्राइम, बाल अपराध तथा नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य कुलदीप सिंह नेगी, निवेदिता प्रियदर्शनी, अश्विनी कुमार, डाक्टर धनंजय शर्मा, डाक्टर संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।(संसू)

Coordinator
IQAC/NAAC
R.D.K.G.D. College
Dallawala, Khanpur (Haridwar)

प्राचार्य
रानी धर्म कुंवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)

06-12-2022

हिन्दुस्तान

# उत्तराखंड पुलिस ऐप से तत्काल मदद मिलेगी

लक्सर, संवाददाता । रानी धर्म कुंवर राजकीय डिग्री कॉलेज दल्लावाला में महिला प्रकोष्ठ ने नारी सशक्तिकरण विषय पर गोष्ठी में महिला पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को आपात स्थिति में खुद की सुरक्षा के टिप्स दिए। साथ ही उनके मोबाइल में उत्तराखंड पुलिस ऐप इंस्टाल कराकर इसका महत्व बताया।

प्राचार्य प्रोफेसर केएस नेगी ने दीपक जलाकर सगोष्ठी की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ काम करके देश-दुनिया में आगे बढ़ रही हैं। महिलाओं को लेकर समाज की सोच भी काफी बदली है। खानपुर की उप निरीक्षक मनीषा नेगी, सिपाही ऋतु चौधरी ने छात्राओं को आपात स्थिति में खुद की सुरक्षा करने के सुझाव दिए।

बताया कि पुलिस मुख्यालय ने उत्तराखंड पुलिस नामक एक एप्लिकेशन तैयार की है। इसे स्मार्टफोन में इंस्टाल करके भी आपातकाल में पुलिस की मदद ली जा सकती है। कहा कि इस ऐप पर एक बटन दबाने से नजदीकी पुलिस स्टेशन पर सूचना पहुंचेगी। सूचना मिलने पर पुलिस फोन की लोकेशन ट्रेस कर तत्काल उनके पास पहुंचकर मदद करेगी। बाद में उन्होंने छात्राओं के मोबाइल पर ऐप इंस्टाल कराई और इसे चलाना भी सिखाया। डॉ. संतोष कुमार सिंह, डॉ. निवेदिता प्रियदर्शिनी, डॉ. धनंजय शर्मा ने भी नारी सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त किए। डॉ. नीतू बलूनी, डॉ. प्रविता देवी, अश्विनी कुमार, मुलू सिंह, अंकित कुमार ने भी संगोष्ठी के आयोजन में सहयोग किया।

## गौरा शक्ति ऐप की जानकारी दे रही पुलिस

भगवानपुर। महिला पुलिस हेल्प लाइन की टीम गांवों में जाकर महिलाओं को गौरा शक्ति ऐप की जानकारी दे रही है। साथ ही पुलिस गौरा शक्ति ऐप डाउनलोड करने एवं इसे संचालित करने के बारे में विस्तार से समझा रही है। महिला पुलिस ने क्षेत्र के रायपुर, करौंदी, कस्बा भगवानपुर में अभियान चलाकर सरकार की ओर से शुरू किए गए गौरा ऐप के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा के लिए जानकारी दी। इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने गौरा शक्ति ऐप की जानकारी दी। सोशल मीडिया का प्रयोग सावधानी के साथ करने को कहा गया। उन्होंने छात्राओं से अपील कर कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति से सोशल मीडिया के माध्यम से नहीं जुड़ना चाहिए और न ही सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी डालनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ भी साइबर क्राइम बढ़ रहे हैं। इसके लिए महिलाएं साइबर पुलिस के पास अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

प्राचार्य
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)

Coordinator
IQAC/NAAC
R.D.K.G.D. College
Dallawala, Khanpur (Haridwar)

देहरादून, रविवार
24 अप्रैल, 2022
हरिद्वार संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18
www.jagran.com

# दैनिक जागरण

उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित



**एक नजर में**

## अपूर्व पालीवाल के गीत को मिला पुरस्कार

हरिद्वार : सूफी बैंड साधुवाद को चंडीगढ़ म्यूजिक व फिल्म फेस्टिवल में बैंड के रचित गीत 'कर्मा' को पुरस्कृत किया गया है। तीन दिवसीय इस समारोह में साधुवाद के गीत कर्मा की स्क्रीनिंग हुई, जहां फिल्म जगत की नामचीन हस्तियां इम्तियाज अली, विवेक अग्निहोत्री, सौरभ शुक्ला, पल्लवी जोशी आदि मौजूद रहे। हरिद्वार निवासी म्यूजिक कंपोजर अपूर्व पालीवाल के साथ रुद्र प्रताप को यह पुरस्कार मिला। कर्मा गीत की शूटिंग उत्तराखंड में हुई है। (जासं)

## 124 छात्राओं ने खरीदे टेबलेट

लक्सर : राजकीय कन्या महाविद्यालय दल्लावाला की 124 छात्राओं को सरकार की ओर से टेबलेट उपलब्ध कराए गए हैं। टेबलेट खरीदने के लिए छात्राओं को बारह-बारह हजार रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई थी। प्राचार्य डा. कुलदीप सिंह नेगी ने बताया कि इस धनराशि से सभी छात्राओं ने टेबलेट खरीद लिए है। इस मौके पर डा. धनंजय शर्मा, डा. संतोष कुमार सिंह, डा. निवेदिता प्रियदर्शनी, डा. प्रविता देवी, डा. नीतू सिंह, राजीव सिंह बिष्ट, विवेक उपाध्याय मौजूद रहे। (संसू)

# शिक्षा औ

## डाक्टरों से लेकर स्कू




जागरण संवाददाता, हरिद्वार: बढ़ती महंगाई का असर शिक्षा, स्वास्थ्य और मकान बनाने पर भी पड़ा है। जिससे लोगों का काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यदि बात शिक्षा की करें तो स्कूलों की ट्यूशन फीस में 25 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। बस फीस, यूनिफार्म के अलावा स्टेशनरी के दाम में भी तेजी आई है। बेहतर इलाज के लिए भी जेब ढीली करनी पड़ रही है। निजी डाक्टरों की फीस में भी 25 से 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। अपना घर बनाना हर किसी का सपना होता है, लेकिन इस महंगाई के बीच घर बनाना भी महंगा हो रहा है। भवन निर्माण सामग्री ईंट, सीमेंट, सरिया के मूल्य में 30 से 40 प्रतिशत की तेजी आई है। सरिया के रेट में सर्वाधिक 80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

Coordinator
IQAC/NAAC
R.D.K.G.D. College
Dallawala, Khanpur (Haridwar)

प्राचार्य
रानी धर्म कुंवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)

रविवासरीय
हिन्दुस्तान
1936
सत्य * सार्थक * सदैव
रविवार
24 अप्रैल 2022, देहरादून
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
● पांच प्रदेश ● 21 संस्करण
● पांच प्रदेश ● 21 संस्करण

...रफत अली ने बताया कि मृतक युवक की पहचान अमित 30 पुत्र राजवीर निवासी ग्राम महलाना सोनीपत हरियाणा के रूप में हुई है। जबकि घायल का नाम रौनक 21 पुत्र अजीत निवासी सोनीपत है।

## 124 छात्राओं को लैपटॉप दिए

**लक्सर।** दल्लावाला के रानी धर्म कुंवर राजकीय बालिका डिग्री कॉलेज की 124 छात्राओं को लैपटॉप खरीदने के लिए सरकार ने 12-12 हजार रुपये की धनराशि दी है। प्राचार्य डॉ. कुलदीप सिंह नेगी ने बताया कि इस धनराशि से सभी छात्राओं ने लैपटॉप खरीद लिया है। कॉलेज परिसर में छात्राओं को उनके लैपटॉप दिए गए। इस मौके पर डॉ. धनंजय शर्मा, डॉ. संतोष कुमार सिंह, डॉ. निवेदिता प्रियदर्शनी, डॉ. प्रविता देवी, डॉ. नीतू सिंह, राजीव सिंह बिष्ट आदि थे।

Coordinator
IQAC/NAAC
R.D K.G.D. College
Dallawala, Khanpur (Haridwar)

प्राचार्य
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)

# चैंपियन ने मोबाइल टावर का किया लोकार्पण

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

लक्सर।

खादर के अति पिछड़े क्षेत्र दल्लावाला में निर्माणाधीन राजकीय महिला महाविद्यालय का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। खानपुर विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन ने उच्च शिक्षण संस्थान में 4जी कनेक्टिविटी सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को उक्त शिक्षण संस्थान परिसर में मोबाइल टावर का लोकार्पण किया।

खानपुर विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन ने बताया कि उनके अथक प्रयासों से दल्लावाला में 2015 में राजकीय महिला महाविद्यालय स्थापित करवाया गया था, उक्त महाविद्यालय के भवन निर्माण का कार्य गति से चल रहा है। उन्होंने बताया कि उनके प्रयास से ही इस अतिपिछड़े खादर क्षेत्र के इस उच्च शिक्षण संस्थान में मोबाइल टावर से 4G कनेक्टिविटी सुविधा आसानी से मिलने के उद्देश्य से मोबाइल टावर का लोकार्पण किया गया।



हरिद्वार : मोबाइल टावर का लोकार्पण करते विधायक कुंवर प्रणव चैंपियन।

अमर उजाला (24.7.2021)

# बालिकाएं घरों में फैलाती हैं शिक्षा का प्रकाश : चैंपियन

## महाविद्यालय में विधायक ने की 4जी इंटरनेट की शुरुआत

खानपुर। दल्लावाला के राजकीय बालिका महाविद्यालय में विधायक चैंपियन ने 4जी इंटरनेट कनेक्टिविटी सेवा की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षित बालिकाएं घरों में शिक्षा का प्रकाश फैलाती हैं, इसलिए लड़कों के साथ-साथ लड़कियों को भी बेहतर ढंग से शिक्षा दिलानी चाहिए।

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन ने कहा कि दुर्गम क्षेत्र में यूपी बॉर्डर पर स्थित दल्लावाला गांव में उच्च शिक्षा के संस्थान खुलने से गरीब परिवार की बालिकाओं को भी शिक्षा ग्रहण कराने में आसानी होगी। बताया कि 2015 में उनके प्रस्ताव पर दल्लावाला में राजकीय बालिका महाविद्यालय शुरू हुआ था। अब इसके भवन के लिए भी उन्होंने साढ़े तीन करोड़ का बजट स्वीकृत कराया है। प्राचार्य प्रो. कुलदीप सिंह नेगी ने कहा कि कोरोनाकाल में ऑनलाइन शिक्षण कार्य चल रहा है। ऐसे में कॉलेज का 4जी कनेक्टिविटी से जुड़ना आने वाले समय में लाभदायक होगा। संचालन डॉ. संतोष कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर कॉलेज की प्राध्यापिका डॉ. निवेदिता प्रियदर्शिनी, डॉ. धनंजय शर्मा, राजीव सिंह, मुन्नु सिंह, पीटीए अध्यक्ष कुलदीप सिंह, मुस्तकीम, कृष्णपाल, आनंद चौहान, भरत सिंह, गुलाम मोहम्मद, वेदपाल और वासिम आदि रहे। संवाद




4जी इंटरनेट सेवा का शुभारंभ करते विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन। संवाद

Coordinator
IQAC/NAAC
R.D.K.G.D. College
Dallawala, Khanpur (Haridwar)

प्राचार्य
रानी धर्म कुंवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)






Coordinator
IQAC/NAAC
R.D.K.G.D. College
...la, Khanpur (Haridwar)

प्राचार्य
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)

17.3.2021

6 दैनिक जागरण
देहरादून/हरिद्वार, 15 दिसंबर, 2020 हरिद्वार जागरण www.jagran.com

# आज से खुलेंगे डिग्री कॉलेज

जागरण संवाददाता, हरिद्वार: राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में कोविड-19 नियमों का पालन करते हुए मंगलवार से जिले के सभी महाविद्यालयों में कक्षाएं आरंभ हो जाएंगी। पहले-पहल केवल उन्हीं विषयों की कक्षाएं चलाई जाएंगी, जिसमें प्रयोगात्मक पढ़ाई होनी है। बाकी कक्षाओं को फिलहाल ऑनलाइन ही संचालित किया जाएगा। व्यवस्था में सुधार के साथ-साथ बाद में उन्हें भी अनुमति प्रदान की जाएगी। इससे महाविद्यालय प्रशासन को एक समय में छात्र-छात्राओं की संख्या को नियंत्रित करने में सुविधा होगी।

महाविद्यालय आने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अपने-अपने अभिभावकों का सहमति पत्र लाना आवश्यक होगा। जिलाधिकारी सी. रविशंकर ने सभी को नियमों के सख्ती से पालन के निर्देश दिए हैं। राजकीय कन्या महाविद्यालय दल्लावाला खानपुर के प्राचार्य कुलदीप सिंह नेगी और राजकीय महाविद्यालय लक्सर की प्राचार्य डॉ. छाया चतुर्वेदी ने बताया कि कक्षाओं का संचालन पचास फीसदी छात्र-छात्राओं के साथ किया जाएगा। केवल वही छात्र-छात्राएं कॉलेज में कक्षा में बैठेंगे, जिनके अभिभावक इसके लिए उन्हें लिखित में सहमति देंगे।

15.12.2020


Nmushar
Coordinator
IQAC/NAAC
R.D.K.G.D. College
Dallawala, Khanpur (Haridwar)

प्राचार्य
रानी धर्म कुंवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)

हरिद्वार जागरण

# ...ो अनुदान न ...का हंगामा

## ...पर अनशन की चेतावनी



...नहीं मिलने पर हंगामा करते ग्रामीण • जागरण

...धिकारी ...ति से हो ...ामीणों की ...। बाद में ...पर गाली ...ए उनकी ...मांगने की ...। जमकर ...घंटे बाद ...कर शांत ...से मिलने ...त, दीपक, ...अमरदास, ...जसवीर,

अक्षय, छोटा, मूर्ति, रीता, सलोचना, नीलम, रेखा, संगीता, पिंकी आदि थे। इन सभी को अनुदान नहीं मिला है, जबकि कागजों पर उन्हें न सिर्फ अनुदान देना दिखाया गया है, बल्कि शौचालय निर्माण का दावा भी किया है। इस संबंध में प्रधान अमृत वर्मा ने बताया कि उनके पति ऋषिपाल बैठक के सिलसिले में डीएम कार्यालय गए थे, ग्रामीणों ने उनके साथ अभद्रता की। उन्होंने कहा कि उन पर लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह गलत हैं और राजनीति के चलते यह सब किया रहा है।

# कोरोना जांच के बाद ही परीक्षा में बैठेंगे छात्र

लक्सर: राजकीय महाविद्यालय, लक्सर की वार्षिक परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्र-छात्राओं को कोरोना टेस्ट कराना होगा। महाविद्यालय प्रशासन ने छात्र-छात्राओं को 19 सितंबर से शुरू होने वाली परीक्षा से पहले 14 सितंबर तक कोरोना टेस्ट रिपोर्ट कॉलेज में जमा कराने के निर्देश जारी किए हैं। कोरोना संक्रमण के खतरे के बीच राजकीय महाविद्यालय में वार्षिक परीक्षा की तैयारी है।

राजकीय कन्या महाविद्यालय दल्लावाला खानपुर में 19 सितंबर से आरंभ होने वाली बीए प्रथम वर्ष और तृतीय वर्ष की मुख्य परीक्षाओं के लिए कॉलेज प्रशासन ने गाइडलाइंस जारी की है।

कॉलेज के प्राचार्य कुलदीप सिंह नेगी ने बताया कि छात्र-छात्राओं को कोरोना टेस्ट कराने के साथ ही आरोग्य सेतू एप डाउनलोड करना भी अनिवार्य होगा। दूसरे प्रदेश से आने वाले छात्र-छात्राओं को अपने आगमन की सूचना तहसील प्रशासन को देनी होगी। उन्होंने बताया कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए शासन से जारी दिशा-निर्देश के तहत परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। (संसू)

# बच्ची को बहाने ...जाकर दुष्कर्म ...

जागरण संवाददाता, हरिद्वार: एक बच्ची को बेलपत्र तोड़ने के बहाने जंगल ले गए युवक ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। बच्ची शोर मचाते हुए जैसे-तैसे उसके चंगुल से छूटकर भागी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस के मुताबिक मूलरूप से बहराइच उत्तर प्रदेश निवासी एक परिवार शहर कोतवाली क्षेत्र में रहता है। परिवार की नाबालिग बेटी सोमवार को पानी भरने के लिए नल पर आई थी। उसी दौरान पेशे से लोडर ड्राइवर एक युवक ने बच्ची से बातचीत की और बेलपत्र तोड़ने के बहाने उसे मंसा देवी मंदिर के जंगल में ले गया। जहां युवक ने बच्ची के साथ छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर मचाते हुए बच्ची जैसे-तैसे उससे छूटकर जंगल से वापस आई और परिवार को आपबीती सुनाई। लेकिन, आरोपित युवक का नाम बच्ची नहीं बता सकी। मंगलवार देर शाम बच्ची ने मोहल्ले में युवक को घूमता देखा और पहचान लिया। तब परिवार ने

# ...ों से ...मद

## तीन तलाक बोलकर घर से निकाला

लक्सर: उधार दिए गए रुपये मांगने पर शौहर ने दिव्यांग पत्नी की पिटाई कर उसे तीन बार तलाक बोलकर घर से

# हाथियों ने रौंदी धान व गन्ने की फसल

Seen
[signature] 3-9-2020

[signature]
Coordinator
IQAC/NAAC
R.D.K.G.D. College
Dallawala, Khanpur (Haridwar)

[signature]
प्राचार्य
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)

# कार्यालय प्राचार्य–रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
## दल्लावाला–खानपुर (हरिद्वार)–247663

E-mail: govtdckhanpur@gmail.com


दिनाँकः 15 मार्च, 2023

सेवा में,

सम्पादक, दैनिक जागरण लक्सर।
सम्पादक, अमर उजाला लक्सर।
सम्पादक, हिन्दुस्तान लक्सर।

## प्रैस विज्ञप्ति

आज दिनांक 15 मार्च, 2023 को उच्च शिक्षा विभाग एवं कौशल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एवं वक्ता श्री राज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम कि शुरूआत किया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता श्री राज कुमार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खानपुर हरिद्वार ने विद्युत (इलेक्ट्रोनिक) के प्रवक्ता है, इन्होंने कौशल विकास से सम्बन्धित विषयों के बारे में जानकारी दी और बताया की राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना (NAPS) कि शुरूआत माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 16 अगस्त, 2019 को कानपुर में किया था। इन्होंने ITI के अन्तर्गत कितने कोर्स है, इसमें केसे प्रवेश ले सकते है, कोर्स करने के बाद आप्रोटिंस किस तरह कम्पनीयों में कम प्राप्त कर सकते है। कितने घंटे कार्य कर सकता है, उससे अधिक कार्य नहीं कराया जा सकता है। आप्रोटिंस के लाभ क्या होते, इसके द्वारा कौशल विकास में सहायता मिलती है। इनके अतिरिक्त श्री सतीश कुमार ने भी कौशल विकास से सम्बन्धित बहुत सारी जानकारी दिया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ0 नीतू बलूनी ने किया। तथा डॉ0 संतोष कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। धन्यवाद प्रस्ताव प्रभारी प्राचार्य डॉ0 धनंजय शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ0 प्रविता देवी , श्री अश्वनी कुमार, श्री गौतम पूरन चन्द, श्री दीपक सिंह ने अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।

15.03.2023

डॉ0 (धनंजय शर्मा)
प्रभारी प्राचार्य
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला–खानपु (हरिद्वार)

Coordinator
IQAC/NAAC
R.D.K.G.D. College
Dallawala, Khanpur (Haridwar)

प्राचार्य
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)

# कार्यालय प्राचार्य–रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
## दल्लावाला–खानपुर (हरिद्वार)–247663

E-mail: govtdckhanpur@gmail.com

सेवा में, दिनाँक: 04 मई, 2023

सम्पादक, दैनिक जागरण लक्सर।
सम्पादक, अमर उजाला लक्सर।
सम्पादक, हिन्दुस्तान लक्सर।

## प्रैस विज्ञप्ति

### महाविद्यालय वार्षिकोत्सव 2022–23

रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय, दल्लावाला–खानपुर (हरिद्वार) में आज दिनाँक 04 मई, 2023 को वार्षिकोत्सव 2022–23 का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव के अवसर पर प्राचार्य प्रो0 कुलदीप सिंह नेगी द्वारा दीप प्रज्जवलन तथा छात्राओं द्वारा माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुति के साथ वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ किया गया।

महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। प्राचार्य द्वारा छात्र/छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण किये गये। जिनमें समूह नृत्य, एकल गायन, एकल नृत्य, फैशन शो, मेहंदी प्रतियोगिता एवं अनुपयोगी सामग्री प्रतियोगिता की प्रस्तुति की गई, समूह नृत्य में बी.ए. द्वितीय वर्ष की ग्रुप टीम प्रथम स्थान, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की ग्रुप टीम द्वितीय स्थान पर रही। एकल गायन में रविता बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर, ने प्रथम स्थान, सुहानी शर्मा बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान एवं चांदनी बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य में सुहानी शर्मा बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम स्थान, साक्षी बी0ए0 तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा सपना बी0ए0 द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फैशन शो में मोनिया बी0ए0 तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, प्राची बी0ए0 तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान एवं रोशन बी0ए0 द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेंहदी प्रतियोगिता में मोनिया बी0ए0 तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, वंशिका बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान एवं प्राची बी0ए0 तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अनुपयोगी सामग्री प्रतियोगिता में मोनिका बी0ए0 द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान, सुहानी शर्मा बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान तथा ज्योति बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि हमारा महाविद्यालय दुर्गम क्षेत्र में होने के पश्चात् भी यहाँ की छात्र/छात्राओं द्वारा वार्षिकोत्सव की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग किया।

इस कार्यक्रम का संचालन डॉ0 नीतू बलूनी ने किया और महाविद्यालय परिवार के समारोहक डॉ0 संतोष कुमार सिंह थे। इस अवसर पर डॉ0 निबेदिता प्रियदर्शनी, डॉ0 धनंजय शर्मा, श्रीमती प्रविता देवी, श्री अश्वनी कुमार, श्री हरीश चन्द, श्री गौतम पूरन चन्द, श्री दीपक सिंह, श्री मूलू सिंह, श्री मनमोहन सिंह ने अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।

5.2023

डॉ0 (धनंजय शर्मा)
संयोजक प्रेस विज्ञप्ति
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला–खानपुर (हरिद्वार)

प्रो0(कुलदीप सिंह नेगी)
प्राचार्य
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला–खानपुर (हरिद्वार)

Coordinator
IQAC/NAAC
R.D.K.G.D. College
Dallawala, Khanpur (Haridwar)

प्राचार्य
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)